तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 28. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 16 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती



4 मुख्यमंत्री कन्या विवाह : 15 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में









एग्रीस्टेक अनिवार्य : जिले में 1 लाख 23 हजार किसानों का होना है पंजीयन

## ... तो खाद लेने से वंचित हो सकते हैं 26 हजार किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में 1 लाख 23 हजार 810 किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत 97 हजार 627 कृषकों का एग्रीस्टेक पंजीयन किया जा चुका है। वहीं 26 हजार 183 किसानों का पंजीयन अभी बाकी है। ऐसे में इन किसानों को खाद से वंचित होना पड़ सकता है।

गौरतलब है कि राज्य शासन के कृषि विभाग के द्वारा किसानो के लिए खाद बीज लेने के पूर्व एग्रीस्टेक पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं एग्रीस्टेक पंजीयन नही कराने की स्थिति में किसान सरकारी योजना के लाभ से वंचित होने के साथ साथ किसानो को खाद बीज के लिए भी मशक्कत करनी पड सकती है। जिले के 1 लाख 23 हजार 810 किसानो का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किए जाने का टारगेट रखा गया है। जिसके तहत 97 हजार 627 किसानो का एग्रीस्टेक पंजीयन किया जा चुका है। वही अभी भी 26 हजार 183 किसानो का पंजीयन किया जाना अभी बाकि रह गया है। ऐसे में एग्रीस्टेक पंजीयन नही कराने वाले किसान खाद बीज पाने के साथ साथ शासन से मिलने वाली कई तरह के योजनाओ से वंचित हो सकते है। वर्तमान के समय में वैसे तो मई का महीना चल रहा है लेकिन मई के जगह मौसम का मिजाज जून महीने जैसा लग रहा है। इधर जांजगीर चाम्पा जिले के किसान जून महीने के दौरान खेती बाड़ी का काम शुरू कर देते है। जिसके लिए किसानो को खाद बीज की जरूरत पडती है, लेकिन कई किसान एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर ध्यान तक नही देते है, जिसके कारण किसानों को खाद बीज पाने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। जिले के पामगढ, अकलतरा, नवागढ, बम्हनीडीह एवं बलौदा ब्लाक के किसान बडे पैमाने पर खरीफ सीजन के दौरान धान की फसल लगाते है। वैसे तो शासन के द्वारा किसानो को एग्रीस्टेक पंजीयन कराने के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी ना हो । इस बात को ध्यान में रखकर किसानो के लिए सेवा सहकारी समितियो, पटवारी एवं च्वाइस सेंटरो के माध्यम से एग्रीस्टेक पंजीयन कराने की सुविधा बनाई गई है, लेकिन कई किसान इन सबके बावजूद इस पर ध्यान तक नही दे रहे है। और ना ही विभाग के अधिकारी कर्मचारी इसे लेकर किसानो को जागरूक भी नही कर पा रहे है, जिसका नुकसान किसानो को ही हो रहा है। वहीं अभी अब नए नियमों के पेंच ने किसानो की परेशानी और भी बढा दी है। जिसके कारण कृषको को खाद बीज के लिए मशक्कत करनी पडेगी।



पंजीयन कराने पहुंचे किसान।

### संयुक्त खाता एवं कृषक पलायन बड़ी समस्या

जांजगीर-चाम्पा जिले में 101 सेवा सहकारी समिति एवं एक दर्जन से भी अधिक जिला सहकारी बैंको का संचालन किया जा रहा है। ज्यादातर सहकारी बैंको में किसानो का संयुक्त खाता है। वहीं एग्रीस्टेक पंजीयन कराने को लेकर उनमें एक किसान को सामने आना है ताकि उन्ही को खाते का मुख्या बनाया जा सके। लेकिन संयुक्त खाता धारक कई किसान मुख्या नही बन पा रहे है, जिसके कारण उनका अलग खाता नही बन पा रहा है। और ना ही उनका एग्रीस्टेक पंजीयन हो पा रहा है, जिसके चलते किसानो की परेशानी बढ गई है। जिले में करीब 12 हजार 818 संयुक्त खाता धारक किसान है। इसके अलावा जमीन का बंटवारा,आधार ओटीपी नही, खसरा नंबर, बीवन,बायोमैट्रिक समस्या, कृषक पलायन एवं अन्य कई तकनीकि कारणो के चलते किसानो का एग्रीस्टेक पंजीयन नही हो पा रहा है। जिसके चलते किसानो को आने वाले दिनो में खाद बीज पाने के लिए कडी मशक्कत करनी पडेगी।

### एग्रीस्टेक पंजीयन जरूरी

किसानों को खाद बीज पाने के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य है। जिले के 26 हजार से अधिक किसान अब तक पंजीयन नही करा पाए है। पंजीयन नही होने पर उन्हें खाद बीज पाने में परेशानी हो सकती है।

-आर के शर्मा,
उपसंचालक कृषि
जांजगीर-चांपा

## लाठी डंडे से पीटकर अधेड़ की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम तनौद की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने से मना करने पर प्राण घातक हमला कर अधेड़ की हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम तनौद की है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत तनौद में गुरुवार 14 मई को लगभग रात्रि 8 बजे ग्राम तनौद निवासी मोहन महिपाल पिता फिरत महिपाल, उम्र 45 वर्ष का गांव के ही उमाशंकर साहू पिता चैतराम साहू से विवाद हो गया। विवाद के दौरान उमाशंकर साहू ने मोहन महिपाल पर लाठी से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल मोहन महिपाल को परिजनों द्वारा 108 एंबुलेंस के माध्यम से खरौद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही शिवरीनारायण थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इधर घटना के बाद आरोपी उमाशंकर साहू मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी । प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी उमाशंकर साहू उम्र 34 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान आरोपी ने जुर्म स्वीकार कर लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक कपिलराम साहू, राजेन्द्र क्षत्री, प्रधान आरक्षक मोहन साहू, आरक्षक नीतिन द्विवेदी, विकास शर्मा, राजेश कौशिक एवं यशवंत पाटले का योगदान रहा।




पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।



पीएम के लिए ले जाते परिजन।

### खबर संक्षेप

#### आरसेटी में धूमधाम से आज मनेगी वट सावित्री पर्व

**बहेराडीह।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी में शनिवार 16 मई को वट सावित्री पर्व धूमधाम से मनाई जायेगी। पर्व को विधि विधान पूर्वक मनाने प्रशिक्षण में शामिल जिले के बिहान की कृषि सखी और पशु सखी दीदियों ने मिलकर श्रमदान करके बरगद और पीपल के पेड़ पर मिट्टी का बड़ा चबूतरा बनाई है। संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू, फेकल्टी अरुण पाण्डेय व उत्तम कुमार राठौर ने बताया कि इस समय प्रशिक्षण संस्थान में ए हेल्प प्रोग्राम और सब्जी खेती व नर्सरी प्रबंधन का दो बेच का प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण में शामिल जिले के अलग अलग विकासखंड से शामिल बिहान की कृषि सखी और पशु सखियों ने पहली बार प्रशिक्षण संस्थान में वट सावित्री का पर्व मनाने का निर्णय लिया है। इसके लिये प्रशिक्षण संस्थान परिसर में स्थित बरगद और पीपल के पेड़ में मिट्टी का बड़ा चबूतरा बनाई है। यह ब्रत महिलाएं पति की लम्बी उम्र, परिवार की सुख समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य के लिए रखती हैं।

#### इंदौर–बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस को कोरबा तक बढ़ाने की मांग

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर और आस-पास के यात्रियों एवं जनप्रतिनिधियों ने 8233/8234 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस को बिलासपुर से आगे कोरबा तक विस्तारित करने की मांग की है। यात्रियों ने महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा गया। महाप्रबंधक को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इंदौर से बिलासपुर तक संचालित यह ट्रेन मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण साधन है किंतु कोरबा, चांपा, नैला, अकलतरा, कोतमीसुनार, जयरामनगर, गतौरा सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सीधी रेल सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस क्षेत्र के बहुत से लोग महाकाल की नगरी उज्जैन एवं इंदौर के ओंकारेश्वर, महेश्वर जैसे दर्शनीय स्थलों में दर्शन के लिए जाते हैं। यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए बिलासपुर में ट्रेन बदलनी पड़ती है जिससे समय और आर्थिक भार दोनों तरह की परेशानी होती है।

#### श्रीराधाकृष्ण मंदिर निर्माण सम्मान समारोह कल

**चांपा।** केंद्रीय देशहा यादव समाज द्वारा कृष्ण धाम केराझरिया चांपा में रविवार 17 मई को शाम 4 बजे भगवान श्रीराधा कृष्ण मंदिर का भूमिपूजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव शामिल होंगे। केंद्रीय देशहा यादव समाज के जिलाध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि चांपा हसदेव नदी तट पर स्थित केराझरिया में समाज के द्वारा भगवान श्रीराधा कृष्ण के मंदिर निर्माण हेतू भूमिपूजन और सम्मान समारोह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव शामिल होंगे। इसके साथ ही सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक रामकुमार यादव, ब्यास कश्यप, नारायण चंदेल,सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु,चांपा नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, नैला नगर पालिका उपाध्याय मोहन यादव, बलौदा जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा सनत देवांगन, उपाध्याय शिशुपाल राजपूत, लछनपुर सरपंच गेंदराम कुर्रे, कुदरी सरपंच आर के यादव शामिल होंगे।

## महिला की हत्या, आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



घर घुसकर बच्चों से मारपीट व महिला की हत्या करने के मामले में सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम मधुआ का है।

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार घटना दिनांक 5 अक्टूबर 2026 को प्रार्थी राधेश्याम केंवट ने अकलतरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर में श्याम सुंदर, देवसिंह सहित अन्य लोग घुसकर उसकी पत्नी मिलौतीन बाई और दोनों बेटों रामधन और लखन पर हमला कर रहे थे। उन्होंने लाठी डंडे से उनकी बेरहमी से पिटाई की। राधेश्याम पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी मारने के लिए दौड़ाया, लेकिन वह किसी तरह जान बचाकर भाग निकला। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की और घायल मिलौतीन बाई, रामधन और लखन केंवट को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अकलतरा भेजा गया। इस दौरान मिलौतीन बाई की 5 अक्टूबर को ही मृत्यु हो गई, जबकि घायल रामधन और लखन को सिम्स भेजा गया। इधर पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु की। विवेचना उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां अभियोजन साक्ष्यिों के कथन और विश्लेषण से दोष सिद्ध पाए जाने पर सेशन जज जयदीप गर्ग ने आरोपी रामू केंवट पिता घनश्याम केंवट उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम मधुआ को धारा 302 (34) के तहत आजीवन कारावास व 10 हजार रुपए अर्थदण्ड, 307, 34 के तहत 14-14 वर्ष, 350, 34 के तहत 7 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण की पैरवी लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने की।

**खास बात**

- सेशन जज जयदीप गर्ग ने सुनाया फैसला, अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम मधुआ का मामला

## रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई, पांच वाहन जब्त

**जांजगीर-चांपा।** राजस्व एवं माइनिंग विभाग की संयुक्त टीम द्वारा केवा, भादा एवं नवापारा घाट में अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही की गई। इस दौरान पांच वाहन जब्त किए गए। जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। राजस्व एवं माइनिंग विभाग की संयुक्त टीम द्वारा केवा, भादा एवं नवापारा घाट में अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही की गई। संयुक्त जांच के दौरान अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर 5 हाईवा वाहनों को जब्त किया गया। सभी जब्त वाहनों को पुलिस लाइन जांजगीर में सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई के दौरान मौके पर शांति व्यवस्था भंग करने पर वाहन चालक जोहन कुमार एवं संतोष मिरी के विरुद्ध बीएनएसएस की धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई। जिला प्रशासन ने किया है कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



जब्त वाहन के साथ संयुक्त टीम।

## डीजल के लिए वाहनों की लगी कतार...



**जांजगीर-चांपा।** शहर के बाहर स्थित एक पेट्रोल पंप में डीजल लेने लगी वाहनों की लंबी कतार। फोटो : हरिभूमि

### जाटा में सरपंच चुनाव 1 को

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा ब्लॉक के जाटा पंचायत में सरपंच का उप चुनाव 1 जून को होगा। यहां नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 18 मई दोपहर 3 बजे निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 19 मई को किया जायेगा।



जलता ट्रांसफार्मर एवं मरम्मत कार्य में जुटा मंडल का अमला।

जंगल एरिया में रहने वाले ग्रामीण को मिल रहा रोजगार

## वन परिक्षेत्रों में 8 हजार 400 सौ मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चाम्पा जिले में महज 4 फिसदी वन परिक्षेत्र है। इन दिनों वन परिक्षेत्रों के गांवो में हरा सोना बटोरने का काम चल रहा है, जिसके माध्यम से गांवो में रहने वाले लोगो को रोजगार मिल रहा है। इस वर्ष यहां 8 हजार 400 सौ मानक बोरा तक तेदुपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य मिला है।

गौरतलब है कि मई एवं जून महीने के दौरान जांजगीर चाम्पा जिले के वन परिक्षेत्रो में हरा सोना बंटोरने का कार्य चल रहा है। जिले के बलौदा वन परिक्षेत्र के गांव खैजा, बोकरामुडा, पहरिया, परसदा, पंतोरा, खिसोरा आदि गांवों की महिलाएं एवं पुरूष सुबह से ही तेंदुपत्ता संग्रहण को लेकर चले जाते है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वाले लोगो को रोजगार मिल रहा है। इस साल आठ हजार चार सौ मानक बोरा तेंदुपत्ता संग्रहण का टारगेट रखा गया है। तेंदुपत्ता संग्रहण के माध्यम से लोगो को रोजगार मिल रहा है। साथ ही साथ काम करने के दौरान उनके बैंक खातो में राशि भी जमा की जाती है। तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य मई एवं जून के दौरान किया जाता है। इधर मौसम की मार का असर तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य में देखने को मिल रहा है। लगातार खराब मौसम के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है, जिसके कारण उनकी परेशानी बढ गई है। इसके अलावा वन परिक्षेत्रो के गांवों में महुआ बंटोरने का काम चल रहा है ताकि वन परिक्षेत्रों मे रहने वाले लोगो को रोजगार मिल सके। इसके अलावा वन परिक्षेत्रो में रहने वाले लोगो को शासन की योजना के तहत जूता, चप्प्ल एवं अन्य सामाग्री का वितरण भी किया जाना रहता है। ऐसे में तेंदुपत्ता संग्रहण के कारण जंगल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को गर्मी के दिनों में रोजगार मिल रहा है। साथ ही वे आर्थिक रुप से मजबूत हो रहे है।



तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य में लगे श्रमिक।

### चल रहा कार्य

वन परिक्षेत्रो के गांवों मे तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य चल रहा है। इस साल आठ हजार चार सौ मानक बोरा तेंदुपत्ता संग्रहण का टारगेट रखा गया है। इसके माध्यम से वन परिक्षेत्रो मे रहने वाले लोगो को रोजगार मिल रहा है।

- होरेश शर्मा,
उप वनमंडल अधिकारी
जांजगीर-चांपा

## 17 घंटे बाद लौटी बिजली, हटवारा चौक के लोगों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर के हटवारा चौक स्थित शंभु दुकान के सामने ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग के बाद विद्युत विभाग ने शुक्रवार 15 मई को सुबह 11 बजे से ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य शुरू किया। लगातार करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नया ट्रांसफार्मर लगाकर लाइन चालू की गई। दोपहर 4 बजकर 30 मिनट पर जैसे ही बिजली बहाल हुई, क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली।

गौरतलब है कि गुरुवार की देर रात लगभग 11 बजे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई थी, जिसके चलते पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। इस तरह शुक्रवार दोपहर 4:30 बजे तक कुल मिलाकर लगभग 17 घंटे तक बिजली बंद रही, जिससे हटवारा चौक और आसपास के मोहल्लों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। विद्युत विभाग की टीम मौके पर डटी रही और लगातार 5 घंटे तक काम कर ट्रांसफार्मर बदलने के साथ क्षतिग्रस्त लाइन को दुरुस्त किया। आग की लपटें बेहद भयानक थीं, जिससे बिजली के तार जलकर राख हो गए और पूरी लाइन बंद करनी पड़ी। हालांकि इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जो राहत की बात रही। सुबह से मौसम में बदलाव और हल्की बारिश के साथ बदली छाए रहने के कारण गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली, अन्यथा लंबे समय तक बिजली बंद रहने से लोगों की परेशानी और बढ़ सकती थी। फिलहाल हटवारा चौक के आसपास के सभी मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति सामान्य रूप से चालू कर दी गई है।

## खबर संक्षेप



### एसईसीएल बीकन के 5वी व 8वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**कोरबा।** बीकन इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल एस.ई.सी.एल में सत्र 2025-26 की कक्षा पांचवीं और आठवी परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। पांचवीं में नमन कुमार मनहर ने 92.50 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम, लक्ष्य साहू और दिवाकर सिंह 91.50 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और शाहीन परवीन 90 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। आठवी में स्तुति यादव ने 92.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, श्रुति शुक्ला 92.33 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और सैफ अली 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य एम बी गॉटलिब तथा वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमति कल्पना मिश्रा और वरिष्ठ शिक्षक घनश्याम पटेल की उपस्थिति मे मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। प्राचार्य एम बी गॉटलिब ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासित और नियमित उपस्थिति ही सफलता की कुंजी है तथा शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम को दिया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं मै परमिता बारीक, मंजूषा बारीक, देवेंद्र पांडेय, एस के नाडिग, रश्मि, एन हिनडारिया, डी सिंग, एम जे चौहान, अपराजिता, एस बाघ, निखिल, नरोतम, मिठू चटर्जी, शांतनु, रिया, बीना, यशवंत,ममता, वेद प्रकाश, मंजू, सुजाता,अनामिका, लखन, संतोषी और अरुणा उपस्थित थे।

### उद्यमिता विकास प्रशिक्षण हेतु 12 आवेदकों का चयन

**कोरबा।** रायपुर में आयोजित होने वाले उद्यमिता विकास संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 23 अप्रैल तक इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं सारणीकरण किया गया, जिसके आधार पर कुल 12 आवेदकों का चयन किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 मई से प्रारम्भ होना सुनिश्चित है। चयनित आवेदकों की सूची में विकास कुमार, कौशलेंद्र सिंह, योगिता धाकड़े, विष्णु सिंह राठिया, आशुतोष मार्वल, अजय डहरिया, गौरव अग्रवाल, अमित कुमार चैहान, स्वप्निल पाटिल, राजकुमारी, वीरेंद्र कुमार तरुण, वंशिका सिंह सेंगर शामिल हैं।

### जिला चिकित्सालय में निःशुल्क लग रहा एचपीवी का टीकाकरण

**कोरबा।** बेटियों के उज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन में कैंसर जैसी गंभीर बिमारी से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। यह टीका विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुँह का कैंसर) से सुरक्षा प्रदान करने में सहायक है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जिले के सभी पात्र बालिकाओं, अभिभावकों एवं नागरिकों से अपील किया है कि वे पात्र बालिकाओं (जिन किशोरियों ने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, लेकिन 15 वर्ष का जन्मदिन न मनाया हो ) का एचपीवी का टीकाकरण करावें। यह टीका पूरी तरह सुरक्षित और डॉक्टर द्वारा प्रमाणित है। एचपीवी टीका राष्ट्रीय टीकाकरण के अंतर्गत मेडिकल कालेज संबद्ध जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

### मानव अधिकार राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** अखिल भारतीय मानव अधिकार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय पांडे एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष महंत के द्वारा कलेक्टर कुणाल दुदावत से सौजन्य मुलाकात करते हुए जिले की समस्याओं पर चर्चा की और ग्रामीण विकास मनरेगा का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिए जाने, आउटसोर्स कर्मचारी और मजदूर एवं अनुकंपा आश्रितों को नियमित किए जाने, लोगों के कल्याण के लिए शिक्षण संस्थान एवं निजी संस्थानों में कम से कम फीस एवं मनमानी फीस पर रोक लगाने जैसी मांगों को लेकर कलेक्टर श्री दुदावत से विस्तृत चर्चा करते हुए इस सम्बंध में ज्ञापन सौंपा गया।






# विभिन्न जिलों से पहुंचे 900 से अधिक एनसीसी कैडेट्स को पढ़ाया गया यातायात का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 900 से अधिक एनसीसी कैडेट पिछले कई दिनों से एनसीसी कैंप में शामिल होने के लिए बुधवारी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में पहुंचे हुए हैं। जहां उनका गुरुवार को यातायात पुलिस की टीम ने विभिन्न जिलों से पहुंचे एनसीसी कैडेट को यातायात का पाठ पढ़ाय। साथ ही यातायात के अलावा साइबर अपराधों के प्रति जागरुक होने के साथ ही दूसरों को भी जागरुक करने कहा गया।

जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की पहल पर बुधवार को यातायात पुलिस कोरबा द्वारा एनसीसी कैडेट्स को ट्रैफिक नियमों का पाठ पढ़ाया गया। सड़क पर चलने के दौरान किन किन नियमों का पालन करना चाहिए और क्यों यह बताया गया। यह जानकारी यातायात एएसआई मनोज राठौर व उनकी टीम ने सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित एनसीसी कैंप में दी।

**सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी में आयोजित हुआ कैंप**





श्री राठौर ने सड़क के संकेतः लाल-पीली-हरी बत्ती, जेब्रा क्रॉसिंग, नो पार्किंग जोन का मतलब, हेलमेट-सीटबेल्ट जरूरीः दोपहिया पर हेलमेट और चारपहिया में सीटबेल्ट क्यों जान बचाता है, नशे में ड्राइविंग के खतरेः एक गलती से कैसे पूरा परिवार उजड़ जाता है, गोल्डन ऑवरः सड़क हादसे में घायल की मदद कैसे करें यह जानकारी दी गई। एसपी श्री तिवारी का कहना है कि एनसीसी जैसे अनुशासित जवान कल के जिम्मेदार नागरिक हैं। इन्हें अभी से ट्रैफिक सेंस दिया जाए तो ये अपने घर-परिवार और समाज को भी जागरूक करेंगे। एएसआई मनोज राठौर ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स देश सेवा का जज्बा रखते हैं। अगर ये सड़क पर नियमों का पालन करेंगे तो हजारों लोग इनसे सीखेंगे। हमारा मकसद चालान काटना नहीं, जान बचाना है। कैंप के दौरान विभिन्न जिलों से आए कैडेट्स ने पुलिस टीम से सवाल-जवाब किए और शपथ ली कि वो खुद नियम मानेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे।

## महापौर सहित अनेक पार्षदों ने अपने घरों में लगवायें हैं सोलर पैनल

# घरों में सोलर पैनल लगवाएं, उपभोक्ता से विद्युत उत्पादक बनें : संजूदेवी


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर में सोलर पैनल लगवाकर एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहितैषी योजना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की, वहीं दूसरी ओर इस योजना की हितग्राही भी बनी, वहीं निगम के पार्षद रवि सिंह चंदेल, पार्षद अब्दुल रहमान व पार्षद बहत्तर सिंह कंवर ने भी अपने-अपने घरों में सोलर पैनल लगवाने की प्रक्रिया पूरी कराई है।

महापौर श्रीमती राजपूत ने आमनागरिकों से अपील करते हुये कहा कि पी.एम.सूर्यघर योजना अंतर्गत हमने अपने घर में सोलर पैनल लगवाया है, कृपया आप भी लगवायें तथा विद्युत उपभोक्ता से विद्युत उत्पादक बनें, घर का बिजली बिल शून्य करें। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का क्रियान्वयन फरवरी 2024 में आमजनता के हित में किया गया था, जनहित में लागू की गई यह योजना आवासीय परिसरों, घरों में रूफ टाप सोलर पैनल संयंत्र स्थापित कर लोगों को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, इसके माध्यम से उपभोक्ता न केवल अपने घरेलू बिजली आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे हैं बल्कि अतिरिक्त विद्युत को ग्रिड में प्रवाहित कर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। भारत सरकार की यह पहल हर घर को ऊर्जा उत्पादक बनाने, बिजली हेतु आत्मनिर्भर करने तथा बिजली बिल के भार से मुक्त होने व इससे अतिरिक्त आय अर्जित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर में सोलर पैनल लगवाकर एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहितैषी योजना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की, वहीं दूसरी ओर इस योजना की हितग्राही भी बनी, वहीं निगम के पार्षद रवि सिंह चंदेल, पार्षद अब्दुल रहमान व पार्षद बहत्तर सिंह कंवर ने भी अपने-अपने घरों में सोलर पैनल लगवाने की प्रक्रिया पूरी कराई है।

**पैनल लगवाने हेतु हो चुके 2383 से अधिक रजिस्ट्रेशन**

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, योजना के अंतर्गत केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त होने वाली सब्सिडी की बदौलत आमजन की रूचि योजना का लाभ लेने हेतु बढ़ रही है, लगातार रजिस्ट्रेशन कराये जा रहे हैं, वहीं नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अब तक 2383 से अधिक रजिस्ट्रेशन सोलर पैनल लगवाने हेतु कराये जा चुके हैं। निगम द्वारा विद्युत विभाग के सहयोग से वार्डो में लगातार शिविर आयोजित कर नागरिकों को योजना की जानकारी दी जा रही है तथा प्रतिदिन काफी संख्या में रजिस्ट्रेशन किये जा रहे हैं।

**मिल रही सब्सिडी**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जहां एक ओर शासन से भारी सब्सिडी मिल रही है तो वहीं दूसरी ओर शेष राशि हेतु कम ब्याज दर पर बैंक से ऋण प्राप्त करने की सुविधा भी है। 1 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल संयंत्र स्थापित कराये जाने पर केन्द्र सरकार द्वारा 30 हजार रूपये, राज्य सरकार द्वारा 15 हजार रूपये कुल 45 हजार रूपये की सब्सिडी दी जा रही है। इसी प्रकार 2 किलोवाट के संयंत्र पर केन्द्र सरकार का अनुदान 60 हजार रूपये, राज्य सरकार का अनुदान 30 हजार रूपये, कुल अनुदान 90 हजार रूपये प्राप्त हो रहा है, वहीं 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के संयंत्र पर केन्द्र सरकार 78 हजार रूपये, राज्य सरकार से 30 हजार रूपये, कुल 1 लाख 8 हजार रूपये की सब्सिडी उपभोक्ता को प्राप्त हो रही है।

# एसईसीएल कर्मी की मौत के बाद जागा प्रबंधन


सड़क जिसकी मरम्मत पर उठे थे सवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा क्षेत्र के भुट्टा चौक सड़क पर एसईसीएल कर्मी की दर्दनाक मौत के बाद अब प्रबंधन हरकत में नजर आ रहा है। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर यातायात रोककर पिछले पाँच दिनों से मरम्मत कार्य कराया जा रहा है लेकिन अब तक काम पूरा नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों और श्रमिक संगठनों का आरोप है कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता बेहद खराब है और सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है।

एचएमएस के महामंत्री एवं केंद्रीय मंत्री श्रमिक नेता अशोक कुमार साहू ने सड़क मरम्मत कार्य पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जिस स्थान पर उनके साथी कर्मी की ऑन ड्यूटी दुर्घटना में मौत हुई, वह जगह लंबे समय से दुर्घटनाओं का केंद्र रही है। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर पहले भी कई श्रमिक साथियों की जान जा चुकी है जबकि कई लोग आज भी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। अशोक कुमार साहू ने कहा कि कानून के अनुसार किसी भी कर्मचारी को उसके घर से कार्यस्थल तक सुरक्षित और व्यवस्थित आवागमन की सुविधा देना प्रबंधन की जिम्मेदारी होती है लेकिन एसईसीएल प्रबंधन वर्षों से इस जिम्मेदारी को निभाने में असफल रहा है। यही लापरवाही लगातार हादसों और श्रमिकों की मौत का कारण बन रही है। उन्होंने मांग की कि भुट्टा चौक को विस्तारित किया जाए, सड़क को मजबूत और गुणवत्ता के साथ बनाया जाए तथा इस स्थान का नाम श्रमिक चौक रखा जाए ताकि यहां जान गंवाने वाले श्रमिक साथियों की स्मृति हमेशा जीवित रहे। श्रमिक नेता ने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान मरम्मत कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है और केवल लीपापोती कर मामले को शांत करने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों में भी सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी देखी जा रही है।

# पंच ने पेंशन दिलाने के नाम पर की ठगी, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनता की समस्या का समाधान करने के लिए सुशासन शिविर लगाया जा रहा है। दूसरी ओर जनप्रतिनिधि द्वारा ही जनता के साथ ठगी करने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत पीड़िता ने कलेक्टर से की थी। शिकायत पर कलेक्टर ने मामले की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

**खास बात**

- ग्राम पंचायत रजगामार के वार्ड क्रमांक 5 के पंच के खिलाफ हुई थी शिकायत

यह मामला ग्राम पंचायत रजगामार का है। जहां की निवासी गायत्री प्रजापति नामक एक महिला को पेंशन मिलता है। लेकिन विगत दो साल से उसका पेंशन रुकवा दिया गया था। मामले की जानकारी वार्ड क्रमांक 5 के पंच जितेन्द्र राठौर को होने पर उसने महिला को रुकी हुई पेंशन की राशि दिलाने का झांसा दिया। जिसके एवज में उसने सरपंच हरिसिंह राठिया के बेट के माध्यम से 9 हजार रुपए भी उससे ले लिया। जिसकी शिकायत पीड़िता ने कलेक्टर से की है। मामले को कलेक्टर ने गंभीरता पूर्वक लेते हुए सीईओ जिला पंचायत कोरबा को जांच के आदेश दिए हैं। सीईओ जिला पंचायत कोरबा के निर्देश पर उपसंचालक पंचायत जिला पंचायत कोरबा ने 13 मई को तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर तीन दिवस के अंदर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए आदेश जारी कर दिया है। जांच टीम में जयश्री अग्रवाल सहायक लेखा अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा, ज्योति राज विकास विस्तार अधिकारी एवं चतुरानंद सिंह कंवर सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण सह करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा को जांच टीम में शामिल किया है।

# बालको के क्वालिटी संकल्प के एक साल पूरे, गुणवत्ता उत्पादन हुआ उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड ने क्वालिटी संकल्प के 12 महीने पूरे कर लिए हैं। यह बालको के सभी उत्पादों में जीरो डिफेक्ट गुणवत्ता सुनिश्चित करने और कार्यस्थल पर गुणवत्ता-केंद्रित सोच विकसित करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

बालको में उत्पादन के हर चरण में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। क्वालिटी संकल्प के अंतर्गत पिछले एक वर्ष में व्यक्तिगत जिम्मेदारी, त्रुटि रोकथाम, मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन, दोषों की रोकथाम, मूल कारणों की पहचान, लीन प्रबंधन और डेटा आधारित निर्णय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया। इस पहल में 3000 से अधिक कर्मचारी और व्यावसायिक साझेदार शामिल हुए। यह मासिक अभियान कर्मचारियों में गुणवत्ता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने, जागरूकता बढ़ाने और संगठन की गुणवत्ता प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा है। इससे बालको को उच्च गुणवत्ता वाले एल्यूमिनियम उत्पादक के रूप में अपनी पहचान और सशक्त करने में मदद मिली है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि बालको में गुणवत्ता हमारे कार्य संस्कृति का मूल आधार है। क्वालिटी संकल्प हमारे सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है, जो रोजमर्रा के कार्यों और निर्णयों में गुणवत्ता को प्राथमिकता देने की सोच को मजबूत करता है। विश्वस्तरीय विनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ते हुए ग्राहकों का विश्वास बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बालको लगातार प्रचालन दक्षता और उत्पादन उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा में क्वालिटी संकल्प गुणवत्ता संस्कृति को मजबूत करने, बेहतर उत्पादन क्षमता विकसित करने और ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुरूप उत्कृष्ट उत्पाद उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा बालको सालभर गुणवत्ता आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है। इनमें क्वालिटी नॉलेज बाइट्स के माध्यम से गुणवत्ता सिद्धांतों की जानकारी साझा करना, वर्ल्ड क्वालिटी वीक के दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित करना है।

# बांकीमोंगरा में बाजार पुनर्निर्माण का विरोध, पालिका कार्यालय में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा नगर के डेली मार्केट को संवारने पुनः निर्माण कराने के लिए नोटिस थमाने से आक्रोशित सब्जी विक्रेताओं ने नगर पालिका बांकीमोंगरा कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया। भाजपा नेता भागवत विश्वकर्मा के नेतृत्व में लगभग घंटे भर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नगर प्रशासन ने प्रतिनिधि मंडल को चर्चा के लिए बुलाया लेकिन सब्जी व्यवसायियों व प्रशासन के बीच सहमति नहीं बनने से बिना किसी नतीजे के आंदोलन समाप्त हुआ। अब नई रूपरेखा तय कर डेली मार्केट के सब्जी विक्रेताओं ने आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया है।

सब्जी विक्रेताओं ने कहा कि नगर का डेली मार्केट लगभग 25 साल पुराना है। कई सब्जी विक्रेताओं के परिवार की आजीविका डेली मार्केट से हो रही है। इसका पुनः निर्माण कराकर संवारने सब्जी विक्रेताओं को नोटिस थमाया गया है। दूसरी ओर भाजपा नेता विश्वकर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका दफ्तर के मुख्य गेट पर धरना देकर सब्जी व्यवसायियों की मांग दो पार्ट में डेली मार्केट के पुनरू निर्माण कराने की है। लेकिन नगर पालिका प्रशासन से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। नोटिस पर संतोषजनक जवाब देकर स्पष्टीकरण की मांग व्यवसायियों की है। इनकी सबसे बड़ी चिंता डेली मार्केट के स्थान पर काम्लेक्स के निर्माण की चर्चा भी है। इससे सब्जी विक्रेताओं को उनके रोजगार का विकल्प छीनने का भी डर सताने लगा है। सब्जी विक्रेताओं ने कहा मंगलवार की दोपहर 3.30 बजे से लगभग घंटेभर चले आंदोलन के बाद नगर पालिका प्रशासन की प्रतिनिधि मंडल से चर्चा भी हुई। लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया और बिना किसी नतीजे के चर्चा समाप्त हो गई। सब्जी विक्रेता अब आगे रणनीति बनाने में जुट गए हैं।

# पत्नी के चरित्र पर करता था संदेह पति ने कुल्हाड़ी से उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पति अपनी 34 वर्ष की पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था और अक्सर दोनों पति-पत्नी के बीच इसी बात को लेकर वाद विवाद की स्थिति निर्मित होती थी। गुरुवार को भी पुनः इसी बात को लेकर दोनों के बीच वाद विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने आवेश में आकर पास में रखे कुल्हाड़ी से अपनी पत्नी पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मामला पाली थाना क्षेत्र के ग्राम बरहामुड़ा की है। यहां निवासरत रामाशंकर यादव 40 वर्ष अपनी 34 वर्षीय पत्नी पूर्णिमा यादव पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया है। पुलिस के मुताबिक रमाशंकर यादव गुरुवार की सुबह लगभग 8:00 बजे अपनी पत्नी पूर्णिमा यादव से कहा सुनी करने लगा। जहां दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि रमाशंकर ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

# रील बनाने युवक ने नदी में लगाई थी छलांग, 48 घंटे बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में रील बनाने के दौरान एक युवक की जान जाने का मामला सामने आया है। तीन दिनों पहले युवक अहिरन नदी में छलांग लगाई थी। जिसके बाद वह लापता हो गया था, जिसकी खोजबीन की जा रही थी। बुधवार की देर रात इसका शव नदी से बाहर आ गया। जिसके बाद शव को बाहर निकालकर मामले में वैधानिक कार्यवाही कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र की अहिरन नदी की है। जहां निवासरत निर्मल सिंह ठाकुर का पुत्र निखिल सिंह 12 मई को अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए विकासनगर स्थित अहिरन नदी गया हुआ था। जहां रील बनाने के लिए उसने मोबाइल पर वीडियो भी बनवाया था और उपर से जंप लगाया था। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के बाद से पुलिस और गोताखोरों की टीम ने लगातार दो दिनों तक सर्च ऑपरेशन चलाया। 48 घंटे तक शव की तलाश करने के बाद बुधवार देर शाम रेस्क्यू अभियान बंद कर दिया गया। देर रात को तभी अचानक निखिल का शव नदी के पानी के ऊपर आ गया, जिसे बरामद किया गया। जिसके बाद गुरुवार को मामल में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तुलसी,**
**जनपद पंचायत नवागढ़,**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
क्र./ग्रा.प./2026-27
दिनांक/15/05/2026

**ईश्तहार**

**विषय :- शासकीय तालाबों को 10 वर्षीय पट्टे पर देने हेतू।**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि ग्राम पंचायत तुलसी के शासकीय तालाबों को 10 वर्षीय पट्टे हेतु ईश्तहार के संबंध में प्रस्ताव क्रमांक-02 दिनांक 09/05/2026 ग्राम पंचायत तुलसी के बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यालय ग्राम पंचायत तुलसी में आवेदन 20/05/26 से 05/06/26 तक आवेदन प्रस्तुत कार्यालय समय में कर सकते है। शासकीय तालाब पट्टे हेतु निम्न है-

1. बड़े तालाब हे. 2.695
2. गोपी सागर तालाब हे. 2.229
3. मनीहार डबरी तालाब हे. 0.235

**सरपंच/सचिव**
**ग्राम पंचायत तुलसी**
**जनपद पंचायत - नवागढ़**
**जिला -जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार हसौद,**
**जिला-सक्ती (छ. ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202605312100049 / अ-27 / 2025-26 ग्राम-भनेतरा, प.ह.नं. - 04 तहसील-हसौद जिला-सक्ती (छ.ग.)
रेशम पिता कुरसो जाति सतनामी निवासी ग्राम भनेतरा, तहसील हसौद जिला - सक्ती (छ.ग.) .....आवेदक

**बनाम**

1. संतोष पिता इतवार 2. संतराम पिता इतवार 3. पंचराम पिता इतवार 4. सुकवारा पिता इतवार 5. बबली पिता इतवार 6. फिरतीन पति इतवार सभी जाति सतनामी निवासी ग्राम भनेतरा, तहसील हसौद जिला-सक्ती (छ.ग.) ..अनावेदकगण

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम भनेतरा, प.ह.न. 04 तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री रेशम लाल पिता श्री कुरसो सतनामी जाति सतनामी निवासी ग्राम भनेतरा तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा ग्राम भनेतरा अवस्थित खाता क्रमांक 278 में कुल भूमि ख.नं. 22 कुल रकबा 1.5300 हे. भूमि उभयपक्ष के नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त आवेदित भूमियों को उभयपक्ष के मध्य आपसी बटवारा एवं कब्जा काश्त के अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस उपस्थिति सूचना के माध्यम से अनावेदकगण क्रमांक (1) संतोष पिता इतवार (2) संतराम पिता इतवार (3) पंचराम पिता इतवार (4) सुकवारा पिता इतवार (5) बबली पिता इतवार सभी जाति सतनामी निवासी ग्राम भनेतरा, तहसील हसौद जिला- सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आप लोग आगामी पेशी दिनांक 29/05/2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जवाब दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि को उपस्थित नही होने की स्थिति में आप लोगों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 08/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन शील- मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
हसौद जिला-सक्ती (छ.ग.)





# पैरा क्रिकेटर आमिर पर बनेगी बायोपिक, निशिल करेंगे निर्देशन

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर पैरा क्रिकेट टीम के कप्तान आमिर हुसैन लोन अपनी जबरदस्त काबिलियत के लिए जाने जाते हैं। वह उन युवाओं के लिए प्रेरणा हैं जो छोटी-छोटी बातों पर मायूस हो जाते हैं।

आमिर के दोनों हाथ नहीं हैं। वह गर्दन और कंधे में बैट फंसा कर बैटिंग करते हैं। वह पैरों से गेंदबाजी करते हैं। उनकी जिंदगी पर एक फीचर फिल्म बनने वाली है। कान फिल्म फेस्टिवल में इसका ऐलान हुआ है। इस अपकमिंग फिल्म का निर्देशन निशिल शेठ करेंगे। वह भारतीय लेखक और निर्देशक हैं। उनकी पहली फीचर फिल्म 'भस्मासुर' का प्रीमियर अंतरराष्ट्रीय फेस्टिवल सर्किट में हुआ था। इस फिल्म को कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार मिले थे।

## लाइफ Style

# तारा
## काले चश्मे ने जड़ दिए चार चांद

कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में तारा सुतारिया ने पहले लुक से सबका ध्यान खींचा था। अब उन्होंने एक और खूबसूरत लुक के साथ वापसी की है। इस बार उन्होंने भारी-भरकम गाउन की जगह सरल और एलिगेंट स्टाइल चुना, जिसमें वह बेहद हसीन दिख रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तारा ने यह ब्लैक ड्रेस लुक 'रेड सी वुमन इन सिनेमा' के कार्यक्रम के लिए लिया है। रोमानियाई डिजाइनर रिया कोस्टा की इस ड्रेस को तान्या घावरी ने स्टाइल किया है। तारा ने ब्लैक ड्रेस में डलीला नाम का ऑफ-शोल्डर कॉर्सेट टॉप पहना है, जो शरीर पर अच्छे से फिट बैठता है। इसके साथ मैचिंग काली मिडी स्कर्ट है, जिसमें हल्की प्लेट्स और पीछे छोटी सी स्लिट बनी है। तारा का यह पूरा लुक क्लासिक काले रंग का है, जो न ज्यादा भड़कीला है और न ही पुराना लगता है। जो बहुत महंगा और स्टाइलिश दिखता है। कान जैसे बड़े फेस्टिवल में जहां भारी गाउंस हर तरफ दिखते हैं, तारा का यह एलिगेंट और ताजा लुक अलग और खास है। एक्सेसरीज की बात करें तो तारा ने विंटेज शनेल इयररिंग्स के साथ सेंट लॉरेंट के काले सनग्लासेस पहने हैं। इसके साथ तारा ने जिमी चू हील्स से अपने लुक को और भी इनहैंस किया है। तारा सुतारिया ने ज्यादा गहने नहीं पहने। हल्का मेकअप, तरोताजा चेहरा और सुंदर बालों के साथ उन्होंने अपने पूरे लुक को परफेक्ट बनाया है। तारा ने इस लुक से साबित कर दिया कि रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरने के लिए भारी गाउन की जरूरत नहीं है।



## हॉलीवुड मसाला



# विन का मस्ती भरा अंदाज

**पेरिस।** द फास्ट एंड द फ्यूरियस की स्टार कास्ट कान फेस्टिवल में अपनी फिल्म का प्रमोशन करने पहुंची थी। फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले रेड कारपेट पर स्टार कास्ट का मस्ती भरा अंदाज भी दिखा। विन डीजल ने तो महफिल ही लूट ली। फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले इनका मस्ती भरा अंदाज भी देखने को मिला। विन डीजल फिल्म 'द फास्ट एंड द फ्यूरियस' के लीड एक्टर हैं। इस फ्रैंचाइज फिल्म का वह अहम हिस्सा हैं। कान फिल्म फेस्टिवल में वह सबसे ज्यादा मस्ती करते दिखे।



# फीफा विश्व कप में शकीरा-मैडोना और बीटीएस करेंगे परफॉर्म

**लॉस एंजिल्स।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में दर्शकों को खेल के साथ-साथ फुल एंटरटेनमेंट भी मिलने वाला है। क्योंकि, फाइनल में एक नहीं बल्कि कई इंटरनेशनल स्टार्स की परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी। टूर्नामेंट के पहले हाफटाइम शो में मैडोना, शकीरा और बीटीएस के कलाकार परफॉर्म करते नजर आएंगे। इन कलाकारों के नाम आज घोषित कर दिए गए हैं। ग्लोबल सिटिजन ने इस बारे में घोषणा करते हुए बताया कि मैडोना, शकीरा और बीटीएस के आर्टिस्ट 19 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होने वाले विश्व कप फाइनल में परफॉर्म करेंगे। बिलबोर्ड के अनुसार, हाफटाइम शो लगभग 11 मिनट का होगा। यह घोषणा एक मजेदार सोशल मीडिया वीडियो के जरिए की गई, जिसमें कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन के साथ एल्मो, कुकी मॉन्स्टर, करमिट और मिस पिग्गी जैसे पॉपुलर किरदार नजर आए।



# राकेश ने कहा, अब मेरा चालान मत काटना

**मुंबई।** धुरंधर और धुरंधर 2 के बाद से ही राकेश बेदी इंटरनेट पर सबके फेवरेट बने घूम रहे हैं। हालांकि, इस वक्त वो सिर्फ अपनी एक्टिंग के लिए नहीं बल्कि एक वीडियो को लेकर चर्चा में हैं। दिग्गज एक्टर का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर छाया है, जिसमें उन्हें ट्रैफिक पुलिस के कुछ अधिकारियों ने पहचान लिया है और वे फिल्म 'धुरंधर' में उनके किरदार से याद कर रहे थे। हमेशा की तरह अपने जाने-पहचाने अंदाज में बेदी ने जरा भी हिचकिचाए बिना तुरंत अपने स्वाभाविक मजाकिया अंदाज में कहा, 'अब चालान मत काट देना।' यूट्यूब शो 'द बॉम्बे जर्नी' के नए एपिसोड के एक क्लिप में राकेश बेदी नज़र आ रहे हैं। कैप्शन में लिखा था, 'ऐसा रोज-रोज नहीं होता कि आप ट्रैफिक पुलिस को फैनबॉय बनते हुए देखें!'



# किंग से लीक हुआ अभिषेक का धांसू लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म किंग अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। फिल्म से शाहरुख खान का लुक पिछले साल मेकर्स ने जारी किया था। इसके बाद बीते दिनों शूटिंग के दौरान के फोटो-वीडियो सामने आए थे, जहां शाहरुख के साथ दीपिका नजर आई थीं। अब फिल्म से अभिषेक बच्चन का लुक ऑनलाइन लीक हो गया है। अब ये लुक सोशल मीडिया पर वायरल है। फिल्म को लेकर सामने आई रहीं चर्चाओं के मुताबिक, अभिषेक किंग में विलेन के रूप में नजर आएंगे। ऑनलाइन लीक हुए लुक में भी उनका खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। वायरल हो रही फोटो में अभिषेक बच्चन एक गाड़ी के ऊपर खड़े नजर आ रहे हैं। उनके हाथों में शॉटगन है।

## टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर काम नहीं करना चाहते थे सचिन, 'तू तू, मैं मैं' सीरियल ने बदली सोच

**नई दिल्ली।** हिंदी और मराठी फिल्मों में पिछले कई दशक से सक्रिय अभिनेता सचिन पिलगांवकर ने यूं तो टीवी में प्रतिशोध, तू तोता मैं मैना समेत कई धारावाहिकों में काम किया है। साथ ही कई धारावाहिकों का निर्देशन भी किया है। हालांकि, एक समय था, जब वह टीवी को निचले स्तर का काम समझते थे। उनका सोच बदला धारावाहिक तू तू,मैं मैं की सफलता के बाद। इस बारे में सचिन कहते हैं- मेरे एक दोस्त हैं, श्रेय गुलेरी। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम हमारे लिए धारावाहिक बनाओ। उस समय मैं टीवी माध्यम को थोड़ा निचले स्तर का देखता था, जो कि गलत था। मैंने उनसे कहा कि नहीं यार, टीवी में काम नहीं करना है। मैं फिल्मों में काम करने वाला आदमी हूं, वहीं रहने दो। उन्होंने छह महीने मेरा पीछा नहीं छोड़ा। उनके बार-बार कहने पर मैंने उनके साथ मीटिंग की। तब उन्होंने बताया कि वह बड़े स्तर पर फतांसी धारावाहिक बनाना चाहते हैं। उनके प्रोडक्शन में बना धारावाहिक चंद्रकांता इससे पहले दूरदर्शन पर सुपरहिट हो चुका था। लेखक संजीव कपूर ने कुछ दिनों पहले मुझे सास बहू की एक कहानी सुनाई थी, उसका नाम भी उन्होंने सास बहू ही रखा था।

## आप स्टार कहां हैं..डैडी हैं : कश्मीरा

**मुंबई।** सब कुछ बच्चों के हिसाब से होता है। मां बनने के बाद अभिनेत्री कश्मीरा शाह के लिए जिंदगी कैमरे तक सीमित नहीं रही। उनका हर फैसला बच्चों के आसपास घूमता है। मां बनने के बाद कश्मीरा ने छह साल तक काम से दूरी बनाई थी, लेकिन फिर उन्हें समझ आया कि कामकाजी मां होना जरूरी है। वह कहती हैं कि भले ही कामकाजी महिला को मॉम गिल्ट होता है, मुझे भी है, लेकिन यह अपनी पहचान खोने से बेहतर है। मैंने और कृष्णा (अभिषेक) ने तय किया था कि जब वह काम करेंगे तो मैं नहीं करूंगी, जब मैं करूंगी तो वो घर पर रहेंगे। कृष्णा को मुझसे ज्यादा काम मिल रहा था, मैं बच्चों की परवरिश के लिए कई कामों को मना कर रही थी, लेकिन फिर एक दिन वास्तविकता से सामना हुआ। मैं स्क्वाश खेलकर आई थी, स्पोर्ट्स के कपड़ों में थी। मेरी बिल्डिंग की पार्किंग में कई बार कारपेंटर अपना सामान रख देते हैं। कुछ वर्कर्स मुझे घूर रहे थे। मेरे छोटे बेटे को गुस्सा आया। मैं उससे यह नहीं कह सकती थी कि मैंने शॉर्ट ड्रेस पहनी है, इसलिए शायद वे मुझे देख रहे होंगे। मैंने कहा कि आपकी मां स्टार हैं, इसलिए देख रहे हैं। बेटे ने कहा कि आप स्टार कहां हैं वो तो डैडी हैं।

# कैलोरी के लिए अनुपम को मिला बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड


**मुंबई।** अनुपम खेर ने कनाडाई-भारतीय फिल्म 'कैलोरी' में बेहतरीन अभिनय किया है। फिल्म में शानदार काम के लिए अनुपम को यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2026 की ओर से बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का फ्लेम अवॉर्ड मिला है। इस फिल्म की डायरेक्टर ईशा मरजारा हैं। फिल्म को फेस्टिवल में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड भी मिला है। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर करते हुए लिखा कि 'कैलोरी' में उनका यह रोल उनके करियर की सबसे ज्यादा इमोशनल और मुश्किल परफॉर्मेंस में से एक था। उन्होंने बताया कि यह किरदार असल जिंदगी की कहानियों से प्रेरित था, इसलिए यह उनके लिए बहुत चुनौती भरा और थकाने वाला अनुभव रहा।



अनुपम खेर ने आगे लिखा, 'दशकों तक इंडस्ट्री में काम करने के बाद विदेशी फिल्म के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर तारीफ मिलना बहुत अच्छा लगता है।' इसके साथ ही उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को बधाई दी, खासकर डायरेक्टर ईशा मरजारा और प्रोड्यूसर जो ब्लास को। साथ ही फेस्टिवल की जूरी को भी धन्यवाद कहा। अनुपम को यह सम्मान मिसने की खुशी में कई फिल्मी हस्तियों ने उन्हें बधाई दी है। नीना गुप्ता ने कमेंट में लिखा, 'बधाई हो', अशोक पंडित ने लिखा, 'तहे दिल से बधाई हो खेर साहब।' अनुपम खेर 15 और 16 मई को मुंबई के टाटा थिएटर में अपने नाटक 'जाने पहचाने अनजाने' के साथ स्टेज पर वापसी करने वाले हैं।

# रामायण की रिलीज से पहले रणबीर ने अयोध्या में खरीदी जमीन

**मुंबई।** रणबीर कपूर अब फिल्म रामायण में नजर आने वाले हैं। फिल्म में रणबीर, भगवान राम का किरदार निभाने वाले हैं। अब इस फिल्म की रिलीज के बीच एक्टर को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है जो काफी चर्चा में है। रणबीर ने अयोध्या में द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के एक प्रीमियम रियल एस्टेट प्रोजेक्ट 'द सरयू' में जमीन खरीदी है। इस डील की कीमत लगभग 3.31 करोड़ है। डेवलपर ने बताया कि यह जमीन 2,134 वर्ग फीट की है और यह शहर लग्जरी ब्रांडेड प्लॉटेड डेवलपमेंट की बढ़ती मांग को दिखाता है। यह पूरा प्रोजेक्ट सरयू नदी के किनारे स्थित 75 एकड़ का प्रोजेक्ट है। इसे The Sarayu by HoABL नाम दिया गया है। इसमें एक क्लबहाउस, 35 से ज्यादा लाइफस्टाइल सुविधाएं और पांच एकड़ में फैला शाकाहारी लग्जरी होटल होगा। इसको द लीला चलाएगा। रणबीर कपूर ने कहा, 'मेरा मानना है कि अयोध्या ने मुझे चुना है और मैंने बस इसका जवाब दिया है। अयोध्या हमारे इतिहास में गहराई से बसा हुआ है और हमारी सांस्कृतिक ताने-बाने का एक अहम हिस्सा है।



# 56 सालों से रूठे सजन को मना रहा लता का गाना, आज भी कल्ट है आशा का सॉन्ग

**नई दिल्ली।** आशा पारेख हिंदी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक मानी जाती हैं। अपने सुनहरे एक्टिंग कॅरियर में उन्होंने कई शानदार मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। उनकी इन फिल्मों के कई गाने ऐसे हैं, जो आज के दौर में भी चर्चित रहते हैं। ऐसे ही एक गीत के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, जिसे 56 साल पहले लता मंगेशकर ने अपनी मधुर आवाज में गाया था। अभिनेत्री आशा पारेख के जिस गाने के बारे में इस लेख में जिक्र किया जा रहा है, वह 1970 में आई फिल्म आन मिलो सजना से नाता रखता है। इस मूवी में राजेश खन्ना और विनोद खन्ना जैसे कलाकारों ने भी अहम भूमिका को निभाया था। आन मिलो सजना उस दौर की सबसे सफल मूवीज में शुमार हुई थी। जिसका एक बड़ा कारण मूवी का तेरे कारण मेरे साजन रोमांटिक गाना बना था। तेरे कारण मेरे साजन... गीत को सुरों की कोकिला लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी और आज रिलीज के 56 साल बाद भी उनका ये सॉन्ग कल्ट माना जाता है। श्रोता इसे सुनना पसंद करते हैं और इस वजह ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है।



## आज फिल्मों और सीरीज का लगेगा मेला, मनोरंजन का मिलेगा डोज

# सिनेमाहॉल में 2 और ओटीटी पर 7 धांसू सीरीज-फिल्मों का होगा कब्जा

*हर शुक्रवार को फिल्ममेकर्स की धड़कने बढ़ी रहती हैं। सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक पर हर फ्राइडे को कोई न कोई ऐसी फिल्म या सीरीज रिलीज होती है, जो दर्शकों को वीकेंड पर बोर होने का मौका नहीं देती। हम अब मई के महीने के तीसरे शुक्रवार में कदम रख रहे हैं और इस वीक न सिर्फ सिनेमाघरों में बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं, बल्कि ओटीटी पर भी सस्पेंस से भरपूर फिल्में और सीरीज मिलने वाली हैं...*




### इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2

जियो हॉटस्टार एक बार फिर से फीयरलेस पुलिस ऑफिसर की दमदार कहानी के सीजन 2 क साथ लौट रहा है। इंस्पेक्टर अविनाश का दूसरा सीजन रिलीज के लिए बिल्कुल तैयार है, जिसमें रणदीप हुड्डा एक बार फिर से अविनाश मिश्रा का दमदार किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे। इस बार अविनाश एक राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार होगा। रिलीज डेट- 15 मई, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार ,जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

### बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन

स्पेनिश क्राइम थ्रिलर बर्लिन के दूसरे सीजन में एक बार फिर से पेड्रो अलोंसो अपने करिश्माई मास्टरमाइंड अवतार में दिखाई देंगी। यह मनी हाइस्ट का प्रीक्वल है। इस बार, बर्लिन लियोनार्डो दा विंची की प्रसिद्ध कृति 'द लेडी विद एन एरमाइन' को चुराने की तैयारी में है। हालांकि, यह चोरी उसे उसके असली मिशन से भटकाने वाली है। रिलीज डेट- 15 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

### पति-पत्नी और वो दो

एक नहीं दो नहीं, इस बार पति प्रजापति की मुसीबत तीन गुना ज्यादा बढ़ने वाली है, क्योंकि इस बार अपनी पत्नी के अलावा दो और खूबसूरत लड़कियों के चक्कर में फंसने वाला है। आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।

### एग्जाम

एग्जाम एक इंटेंस क्राइम ड्रामा सीरीज है, जिसकी कहानी एक यंग लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक बड़े रीजनल पब्लिक सर्विस एग्जाम स्कैम का भांडा फोड़ने के लिए पुलिस ऑफिसर होने का नाटक करती है।

### कर्तव्य

सैफ अली खान नेटफ्लिक्स पर एक नई दिलचस्प क्राइम थ्रिलर फिल्म के साथ लौट रहे हैं। कहानी एक ऐसे पुलिस ऑफिसर की है, जिसकी ड्यूटी में एक बड़े हाई-प्रोफाइल जर्नलिस्ट की मौत हो जाती है। जब पवन मलिक का किरदार निभाने वाले सैफ अली खान इस केस की जड़ तक जाते हैं, तो उसके सामने यह खुलासा होता है कि इस बड़े षड्यंत्र से कोई शक्तिशाली धर्म गुरु जुड़ी हुई हैं।

### इट्स नॉट लाइक दैट

आठ एपिसोड की इस सीरीज में परिवार, दुःख और दूसरे मौके की जटिलताओं को बड़ी ही गहराई से दर्शाया जाएगा। मैल्कम एक विधवा महिला हैं, जिन्होंने तीन बच्चों को अकेले पाला-पोसा है। लॉरी, जिसका अभी-अभी तलाक हुआ है और वह दो किशोरी बच्चों की मां है। कैसे सिंगल पैरेंट होने की वजह से उन्हें जिंदगी में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, यही इसमें दिखाया जाएगा।

### द क्रैश

नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल क्राइम डॉक्यूमेंट्री सीरीज में मैकेंजी शिरिला केस से जुड़े कई शॉकिंग खुलासे होने वाले हैं। जहां ये पता चलेगा कि कार दुर्घटना एक सोची समझी साजिश है। इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज में यह पता चलेगा कि कैसे पूरी प्लानिंग करके शिरिला ने जानबूझकर अपनी कार को दीवार से टकरा दिया।

**खबर संक्षेप**

## देवाशीष को मिला सीबीएसई 12 वीं में 84 प्रतिशत अंक



**जांजगीर चाम्पा।** सीबीएसई 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्र देवासी सिंह ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉमर्स विषय में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया है, वह प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ जांजगीर के जिला अध्यक्ष विकास सिंह के सुपुत्र हैं।

## लायंस क्लब चांपा के लायन राजेश अग्रवाल बने रीजन चेयरमैन



**चांपा।** सामाजिक, रचनात्मक एवं जनसेवा के क्षेत्र में दशकों से सक्रिय रहने वाले लायन राजेश अग्रवाल को लायंस क्लब इंटरनेशनल के सत्र 2026-27 के लिए रीजन चेयरमैन मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट 3233 सी सीएमजेएफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी द्वारा की गई है। लायन राजेश अग्रवाल के इस महत्वपूर्ण पद पर चयन होने से चांपा शहर सहित लायंस क्लब चांपा में खुशी का माहौल है। लायंस क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉक्टर व्ही. के. अग्रवाल ने कहा कि राजेश अग्रवाल को रीजन चेयरमैन जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना पूरे चांपा क्लब एवं शहर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने वर्षों से लायंस क्लब एवं सामाजिक क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर उत्कृष्ट सेवाएं दी हैं। लायन राजेश अग्रवाल ने लायंस क्लब चांपा में वर्ष 2017-18 में कोषाध्यक्ष, 2018-19 में सचिव तथा 2019-20 से 2022-23 तक लगातार चार वर्षों तक अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उनके कार्यकाल में क्लब द्वारा डॉक्टर्स डे, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, पाठ्य सामग्री वितरण, फल वितरण, स्कूलों में पंखा वितरण, प्रसाद वितरण, अन्नदान एवं नेत्र जांच शिविर जैसे अनेक जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। उनके रीजन चेयरमैन बनने पर लायंस क्लब चांपा के सदस्यों एवं शहरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नीट पेपर लीक मामले को लेकर कचहरी चौक पर किया प्रदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर कचहरी चौक में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस ने नीट परीक्षा में हुई कथित धांधली को देश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होना शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस छात्रों के हित में लगातार संघर्ष करती रहेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## ज्ञानदीप का 5वीं तथा 8वीं का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञान दीप स्कूल के बच्चों ने कक्षा 5वीं एवं 8वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की है। ज्ञानदीप स्कूल का कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 5वीं की परीक्षा में कुल प्रविष्ट 48 विद्यार्थियों में से शत प्रतिशत विशेष योग्यता के साथ प्रथम स्थान पर पारित थवाईत 96.5%, प्रिंस पैगवार 96.5% ,नीलम सिंह 96.5%, वैभवी कश्यप 96.5%, द्वितीय स्थान ऋषभ साहू 96%, तृतीय स्थान भाव्य शर्मा 95.5%, कुनाल निसाद 95.5%, रणवीर सिंह चौहान 95.5%, इसी प्रकार क्रमशः सानिया कश्यप 95%, सुहानी पटेल 94.5%, यामिनी राठौर 94.5%, सुधांशु खाखा 94.5%, विनय साहू 94%, आराध्या द्विवेदी 94%, अरविंद मांडले 94%, आस्था पांडेय 94%, दीप्ति कश्यप 94%, हर्षिका पटेल 94%, सृष्टि पटेल 94%, , इंदु कश्यप 93.5%, अवनी यादव 93%, चांदनी कहरा 93%, हर्ष कुमार यादव 93%, अनन्या राठौर 92.5%, कनिष्क कुमार शतरंज 92.5%, महक कश्यप 92%, आयुष गिरि गोस्वामी 91.5%, चित्रेश साहू 91%, महेंद्र कश्यप 91%, प्रतीक किरण 90.5%, नव्या राठौर 90%, रोशन भारद्वाज 90% हैं। 8वीं की परीक्षा में कुल प्रविष्ट 45 विद्यार्थियों में से शत प्रतिशत विशेष योग्यता के साथ प्रथम स्थान पर पूर्वी कश्यप 98.17%, द्वितीय स्थान पर माया थवाईत 97.5%, तृतीय स्थान पर भाव्या भारती साहू 97.33% और डॉली राठौर 97.33% रहे। इसी प्रकार क्रमशः आरोही श्रीवास 96.17%, अंश देवांगन 96.11%, कुलदीप कुमार 95.33%, सुहानी दुबे 95.17%, अंश यादव 95.17%, संध्या सूर्यवंशी 95%, समीर साहू 94.83%, अंकित देवांगन 94.83%, हर्षवर्धन निर्मलकर 94.83%, आशुतोष राठौर 94.67%, चहक राठौर 94.67%, आदित्य राठौर 94.5%, किरण कंवर 94.17%, दीपिका यादव 93.83%, जानवी राठौर 93.83%, प्रतीक सिंह राठौर 93.33%, कृतिका साहू 93%, देवाशीष राठौर 92.5%, सत्य प्रकाश 92.17%, सुमन पटेल 90.5% हैं।उक्त सभी विद्यार्थियों ने अधिकांश विषयों में विशेष योग्यता के साथ सफलता अर्जित किए। अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण किए। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। संस्था के प्राचार्य डॉ. अखिलेश कटकवार ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, संस्था की अध्यापन व्यवस्था, पालकों के सहयोग तथा संस्था के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों की मेहनत को दिया।

### पामगढ़ के सद्भावना भवन में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह : 15 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 15 जोड़े विवाह के बंधन में बंध गए। इस बीच जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने उन्हें प्रमाण पत्र वितरण करने के साथ आशीर्वाद दिया।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना पामगढ़ अंतर्गत सद्भावना भवन में 15 जोड़ों को विवाह सपन्न हुआ। समारोह में उपस्थित अतिथियों और जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। शासन की योजना के अनुरूप प्रत्येक जोड़े के बैंक खाते में निर्धारित राशि प्रदान किया गया। इस दौरान समाज को बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रीति अजय दिव्य, श्रीमती प्रमिला अजय साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री रूपचंद साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े शामिल हुए एवं नवदंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनीता अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित थे।



विवाह के दौरान मंडप में बैठे जोड़े एवं परिजन।



प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित नवदंपत्ती।

## असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस ने महाराणा प्रताप चौक से रेलवे स्टेशन तक डिवाइडर लगाने सौंपा ज्ञापन

**अकलतरा।** नगर के भुवन भास्कर सिंह स्कूल में लगे जनसमस्या निवारण शिविर मे असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस संघ ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी व नगरपालिका अध्यक्ष को महाराणा प्रताप चौक से रेलवे स्टेशन तक डिवाइडर निर्माण हेतु ज्ञापन सौपा है । असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने बताया कि नगर मे बढ़ते भीड़ और बेतरतीब आवागमन के कारण मुख्य सड़कों पर रोजाना जाम लग रहा है जिससे लोगों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है । सड़क मे गाडी खडे कर माल खाली करवाना, दुकानों का सड़क तक लगना, जिससे कभी भी बड़ी अनहोनी होने की संभावना है, लोगो का घंटो अपने स्थान तक पहुंचने का इंतजार करना, ऐसी ही बहुत सी परेशानी का सामना लोगों को करना पड़ रहा है, इन समस्याओं के समाधान के लिए डिवाईडर निर्माण जरुरी है, जिसके लिए आज असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है।नगर में डिवाइड बनने से नगर वासियों एवं व्यापारियों को सुविधा प्राप्त होगी। ज्ञापन सपना वालों में असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तनवीर आलम व नगर कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी सदस्य राजू जैन, श्रीजीत जैन, नवाब खान, राजा सिंह , अब्दुल अतीक, संजय, अभिषेक, नरोत्तम, अजय, आकिब शामिल थे।






# घरों में महीनों से बनी हुई है रसोई गैस की किल्लत : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कॉंग्रेस कमेटी सकती द्वारा प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी की ओर नियुक्त प्रभारी अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राघवेंद्र सिंह ने शुक्रवार 15 मई को विश्राम गृह सक्ती में मोदी सरकार द्वारा देश पेट्रोल डीजल की किल्लत एवं आम जनता को सोना नहीं खरीदने विदेश यात्रा न करने तथा पेट्रोल डीजल वाहनों का उपयोग कम करने के किसानों को खाद कम उपयोग करने सम्बंध में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।

- विधायक राघवेन्द्र सिंह ने पत्रकारों से की चर्चा

विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री कभी किसानों का आय दुगुना करने की बात करते है और किसानों को खाद कम उपयोग करने की बात करते है अभी तक राज्य सरकार ने मात्र 51 हजार मीट्रिक टन खाद उपलब्ध कराया है। ऐसे में किसान की आय दुगुनी कहा होगी। मोदी जी कहते है वर्क फर्म होम घर से बाहर मत निकलो देश की दुकानदार व्यापारी मजदूर कैसे वर्क फर्म होम करेंगे। घरों में रसोई गैस की किल्लत महीनों से बनी हुई हैं। लगातार मंहगाई आसमान छूने लगा है और पेट्रालियम पदार्थों पर दर बढ़ाये जा रहे है। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री मोदी ने कोई कमी की बात नहीं कि किसी के घर बेटी की शादी होगी तो सोना तो खरीदने से मना कैसे किया जा सकता हैं। विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि विदेश यात्रा न करने की सलाह देकर खुद बिदेश यात्रा में निकल गये। आगे कहा कि देश गर्त में जा रहा है। इस अवसर पर चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, जिला कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गवेल , जिला पंचायत सदस्य सरोज डड़सेना, साधेश्वर गवेल, जिलाध्यक्ष किसान कॉंग्रेस टीका राम कुर्रे जिलाध्यक्ष अनु जाति विधायक प्रतिनिधि सुनील चन्द्रा नगर कॉंग्रेस अध्यक्ष राकेश राठौर, पिन्टू ठाकुर अमित राठौर, राजीव जायसवाल, गिरधर जायसवाल, पवन साहू, घनश्याम देवांगन, मनोज जायसवाल, पीयूष राय, प्यारे लाल पटेल, हरीश अग्रवाल, घसिया महन्त, अनिल राठौर, रामसजीवन देवांगन आदि उपस्थित थे।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आकांक्षा सिंह गोल्ड मेडल से सम्मानित

**बाराद्वार।** दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम के बल पर आकांक्षा सिंह ने यह साबित कर दिया है कि किसी भी चुनौती के सामने हौसले बड़े होते हैं। सातवीं कक्षा में उनके आंखों में कुछ दिक्कत हुई और इलाज के दौरान ही दसवीं कक्षा के बाद पूर्ण रूप से दृष्टिबाधित हो गई । इतना होने के बावजूद उन्होंने अपने जीवन में हार नहीं मानी और लगातार आगे बढ़ती रहीं। इस कठिन समय में उनकी माता पिता ने हर कदम पर उनका साथ दिया। माता के सहयोग और अपने आत्मबल से आकांक्षा ने अपनी पढ़ाई जारी रखी। कई बार श्रोता लेखक ना मिलने की वजह से परिक्षा में नहीं बैठ पाती थी लेकिन फिर सुनील कुमार देवांगन ठठारी से जिन्होंने एसाईमेट और परीक्षा में श्रोता लेखक के रूप में सहयोग किया और ग्रेजुएशन पूर्ण किया, पी जी डी सी ए, डबल पोस्ट ग्रेजुएशन की उपाधि प्राप्त की और स्पेशल बीएड फॉर ब्लाइंड भी सफलतापूर्वक पूरा किया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आकांक्षा सिंह को जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राजकीय विश्वविद्यालय चित्रकूट द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि उनके संघर्ष, समर्पण और मेहनत का प्रतीक है।वर्तमान में आकांक्षा सिंह पिछले एक वर्ष से नेशनल इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड मेंअसिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं और अपने कार्यक्षेत्र में भी उत्कृष्ट योगदान दे रही हैं।



# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित सुशासन तिहार 2026 के

- ग्राम रगजा में आयोजित जनसमस्या समाधान शिविर में मिले 538 आवेदन

अंतर्गत सक्ती विकासखंड की ग्राम पंचायत रगजा में जनसमस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया।

क्लस्टर रगजा शिविर में 19 ग्राम पंचायत रगजा, जाजंग, गढगोढी, मरकामगोढी, अमलडीहा, मसनियाकला, तेन्दुटोहा, पतेरापाली खुर्द, जोंगरा, जुडगा, आमापाली, बैलाचुंवा, बोरदा, डोडकी, नावापाराखुर्द, कांदानारा, सकरेलीकला, नंदेली एवं हरदा से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें कुल 538 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमे त्वरित समाधान योग्य आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया तथा ग्रामीणों को शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया गया। इस शिविर में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन सहित जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने विभागीय योजनाओं, उपलब्ध सेवाओं एवं आमजन को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में अपना बीपी (ब्लड प्रेशर) भी चेक कराया। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर शासन की योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया। शिविर में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने जनसमस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनना और मौके पर ही समाधान उपलब्ध कराना है। सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों एवं शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।




कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

# तीन साल इंतजार के बाद अमित बने डिप्टी कलेक्टर

**बिर्रा।** न्यायालय में लंबे समय से संघर्ष करने के बाद न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि उच्च न्यायालय के निर्णय को यथावत रखते हुए सभी ग्यारह डिप्टी कलेक्टर के पक्ष में फैसला सुनाया और ज्वाइन करने तथा न्यायालय का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने 11 डिप्टी कलेक्टर को ज्वाइनिंग लेटर जारी कर अपने अपने मूलस्थापना में पदभार ग्रहण करने के सर्कुलर जारी किया है। इसी तारतम्य में बिर्रा नगर के होनहार डिप्टी कलेक्टर अमित कुमार भारद्वाज ने इसके पूर्व वर्ष 2018,2019,2020,2021 में चार बार प्रारंभिक परीक्षा पास होने के चार बार मुख्य परीक्षा भी पास करने के बाद 2021 की परीक्षा पास किया। राज्य लोकसेवा आयोग व्दारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा वर्ष 2021 में संयुक्त प्रतिस्पर्धा परीक्षा में उपजिलाध्यक्ष के पद पर चयनित हुआ था किन्तु इनके चयन सूची संबंधी विवाद जांच एवं न्यायालयीन कार्यवाही लंबित होने के कारण बिलासपुर उच्च न्यायालय में मामला चला गया। न्यायालय में इनके पक्ष में डिस्सीजन आया। 15 डिप्टी कलेक्टर ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और लंबी लड़ाई लड़ने के बाद तीन वर्ष के बाद न्यायालय का फैसला आया और सभी ने न्यायालय के निर्णय का सम्मान किया। आज तीन साल बाद जैसे ही न्यायालय का फैसला आया अमित के परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने निवास पहुंचकर फूलमाला, गुलदस्ता मिठाई खिलाकर अमित भारद्वाज का स्वागत किया। इस दौरान जगह जगह आतिशबाजी और फटाखा फोड़कर मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बंधाई दिया। अमित कुमार भारद्वाज का पहला पोस्टिंग दंतेवाड़ा जिले में डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ है। इनके डिप्टी कलेक्टर बनने पर तुलाराम भारद्वाज, हरिशंकर भारद्वाज, अशोक देवांगन, बुद्धेश्वर कश्यप, मनीष वैष्णव, राजेन्द्र गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, चित्रभानु पांडेय, दयानिधि देवांगन, जितेन्द्र तिवारी, दुर्गा ड़ड़सेना , संजू साहू, जीवन साहू, सुरेश चंद कर्ष, राघवेन्द्र पांडेय, मोहम्मद मेमन, क्रांति कश्यप के ग्रामीणों ने प्रसन्नता जाहिर की है।



## सशिमं के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**राहौद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई-स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा की परिणाम घोषित किया गया। नगर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं ने इस बार भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा दसवीं के गुंजन साहू 91.16 प्रतिशत, गुड्डी देवांगन 88.16 प्रतिशत ,अभय कुमार 85.16 प्रतिशत, दिप्ती साहू 83.66 प्रतिशत, युवराज थवाईत 81.83 प्रतिशत, श्रद्धा गोंड 80.05 प्रतिशत, देव्यानी 78 प्रतिशत, अन्नय कश्यप 77.05प्रतिशत, हनी गुप्ता 73.05 प्रतिशत, चंचल साहू 73.16 प्रतिशत, सहित कुल 25 छात्र -छात्राओं ने प्रथम श्रेणी व 11 विद्यार्थीयों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया है। वहीं विद्यालय में कक्षा बारहवीं में करण कुमार साहू 85.06 प्रतिशत, जान्हवी साहू 84.08 प्रतिशत, तनीश कुमार चंदेल 81.02प्रतिशत, प्रिया महंत 76.02 प्रतिशत, गौतम यादव 74.02 प्रतिशत, आकांक्षा साहू 71.08 प्रतिशत, ईशांत कुमार 71.04 प्रतिशत, पूर्णिमा 71.04 प्रतिशत, साक्षी निर्मलकर 67.02 प्रतिशत, और अनिक पटेल 63.08 प्रतिशत सहित कुल 11 छात्र- छात्राओं ने प्रथम श्रेणी व 10 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं माता -पिता का नाम रौशन किया है। वहीं हनुमंत लला शिक्षण समिति राहौद के पदाधिकारियों व प्राचार्य सुरेश कुमार साहू ने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्र - छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफल होने की उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष ने 38 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन

# प्रदेश की भाजपा सरकार विकास और जनकल्याण के संकल्प के साथ कर रही कार्य : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के मुख्य आतिथ्य में जनपद सदस्य ईश्वर साहू द्वारा अपने जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लटिया एवं कल्याणपुर में 38 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत कार्यों का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि सौरभ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सदैव विकास और जनकल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के जनप्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही भाजपा सरकार और जनप्रतिनिधियों का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि विकास केवल आधारभूत संरचना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आम नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का माध्यम भी है।जनपद सदस्य ईश्वर साहू ने कहा कि जनता ने जो विश्वास उन पर जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान ग्राम लटिया एवं कल्याणपुर में प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की गई, जिनसे क्षेत्र में सड़क, पेयजल, मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता में सुधार होगा। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देव अघरिया, ग्राम लटिया के सरपंच रशिक बिहारी सिंह, ग्राम कल्याणपुर के सरपंच प्रतिनिधि आशा लहरे, लटिया के पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष विनोद निर्मलकर, चिराग शर्मा,दीपक साहू, पन्ना साहू, रवि निर्मलकर, सुबोध थवाईत, चंदन शर्मा, सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



विकास कार्यों का भूमि पूजन करते छग खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह।

